भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान(मानद विश्वविद्यालय)
ICAR-National Dairy Research Institute (Deemed University)
करनाल, हरियाणा (भारत). पिन-132 001.
Karnal, Haryana (India). PIN-132 001
(ईमेल Email : hindicell.ndri@icar.gov.in)

फा.सं. 12-6/हिंदी कार्यशाला संगोष्ठी/राडेअनुसं

दिनांक : 08.05.2023

कार्यालय आदेश

इस कार्यालय आदेश के माध्यम से संस्थान के सभी संयुक्त निदेशकों, प्रभागों के अध्यक्ष एवं अनुभागों के प्रभारियों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार के राजभाषा विभाग के वार्षिक कार्यक्रम के आलोक में भारत सरकार के सभी कार्यालयों को वर्ष की प्रत्येक तिमाही में एक हिन्दी कार्यशाला अनिवार्य रूप से आयोजित करनी होती है। इसी क्रम में संस्थान के राजभाषा एकक द्वारा दिनांक 19.05.2023 को अपराह्न 3.00 बजे से डा. एन.एन.दस्तूर सभागार में **राजभाषा कार्यान्वयन तथा हिन्दी की तिमाही रिपोर्ट भरने में आने वाली समस्याओं के निराकरण** विषय पर एक हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। श्री धीरज शर्मा, उप निदेशक (राजभाषा) उपरोक्त विषय पर व्याख्यान देंगे तथा तिमाही प्रगति रिपोर्ट को भरने के क्रम में आने वाली समस्याओं का निराकरण भी करेंगे।

संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप-समिति द्वारा की गई टिप्पणियों के आलोक में संस्थान के सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वर्ष में एक बार अनिवार्य रूप से हिन्दी कार्यशाला में सम्मिलित होना ही है।

इसी क्रम में भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल के संयुक्त निदेशकों, प्रभागों के अध्यक्ष एवं अनुभागों के प्रभारियों से निवेदन है कि वो अपने प्रभाग/अनुभाग के कम से कम एक प्रतिनिधि को हिन्दी कार्यशाला में सम्मिलित होने के लिए अनिवार्य रूप से नामित करें। हिन्दी कार्यशाला में सम्मिलित होने प्रतिनिधि/प्रतिनिधियों के नाम दिनांक 12.05.2023 तक अनिवार्य रूप से राजभाषा एकक को सूचित कर कृतार्थ करें।

धीरज शर्मा

प्रभारी, राजभाषा एकक

प्रतिलिपि:

1. निदेशक, भाकृअनुप-राडेअनुसं, करनाल को उनके प्रधान निजी सचिव के माध्यम से सूचनार्थ।
2. संस्थान के सभी प्रभागों/अनुभागों के वैज्ञानिक, प्रशासनिक/तकनीकी अधिकारी एवं कर्मचारियों को उनके अध्यक्ष/प्रभारी के माध्यम से ईमेल द्वारा सूचनार्थ।
3. प्रभारी, संचार केन्द्र को मिनी ऑडिटोरियम की व्यवस्था हेतु।
4. प्रभारी, फोटोग्राफी प्रकोष्ठ को फोटोग्राफी की व्यवस्था हेतु।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र को संस्थान के वेबसाइट एवं ई-ऑफिस नोटिस बोर्ड पर अपलोडिंग बावत्।